भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 1466
सोमवार, 9 फरवरी, 2026/20 माघ, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**मंदिर के गलियारों और तीर्थ स्थलों का पुनर्विकास**

**1466. श्रीमती विजयलक्ष्मी देवी:**
**श्री नारायण तातू राणे:**
**श्री चंदन चौहान:**
**श्रीमती पूनमबेन माडम:**
**श्री विवेक ठाकुर:**
**श्री हँसमुखभाई सोमाभाई पटेल:**
**श्री बंटी विवेक साहू:**
**श्री आशीष दुबे:**
**श्री मितेश पटेल बकाभाई:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2025 के दौरान सरकार द्वारा समर्थित प्रमुख मंदिर गलियारे और तीर्थस्थल पुनर्विकास परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और शामिल किए गए प्रमुख स्थलों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और विशेष रूप से मध्य प्रदेश के संदर्भ में ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त परियोजनाओं के लिए स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई निधियों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार, विशेषरूप से बिहार के संदर्भ में, वर्तमान स्थिति सहित ब्यौरा क्या है;

(ग) विरासत संरक्षण, तीर्थयात्री सुविधाओं में सुधार, भीड़ प्रबंधन और पर्यावरणीय स्थिरता के बीच संतुलन सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त पुनर्विकास पहलों ने तीर्थयात्रा अनुभव, स्थानीय रोजगार और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधि को किस सीमा तक बढ़ाया है और तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार, विशेष रूप से मध्य प्रदेश और बिहार के संदर्भ में, ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय, 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'स्वदेश दर्शन' नामक अपनी चल रही योजनाओं के माध्यम से, प्रमुख तीर्थस्थलों और मंदिर के गलियारों सहित देश भर में पर्यटन से संबंधित अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र को वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके प्रयासों को संपूरित करता है।

वर्ष 2025 के दौरान, उपरोक्त योजनाओं के तहत तीर्थ स्थलों के विकास के लिए विभिन्न परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। मध्य प्रदेश और बिहार सहित देश में इन परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति के साथ-साथ स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई धनराशि का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

उपर्युक्त योजनाओं के तहत, स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन सुनिश्चित करने के लिए अनुमोदित दिशानिर्देशों के अनुसार परियोजनाएं तैयार कर कार्यान्वित की जाती हैं। इनकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) संबंधित राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन, स्थानीय निकायों और अन्य हितधारकों के परामर्श से तैयार की जाती है। उक्त परामर्श यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है कि समग्र तीर्थयात्री/पर्यटक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न सुविधाओं को विकसित करते समय उन स्थलों की आध्यात्मिक अखंडता और मौलिकता कायम रहे। पर्यटन मंत्रालय को सौंपी जाने वाली डीपीआर में प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए सतत संचालन और रखरखाव संबंधी योजनाओं को भी शामिल किया जाना है।

पर्यटन मंत्रालय ने भीड़भाड़, पर्यावरणीय क्षरण, भारी संख्या में तीर्थयात्रियों के आगमन वाले तीर्थस्थलों में अवसंरचना पर क्षमता से अधिक दबाव जैसी चुनौतियों का समाधान करने और तीर्थयात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए, कतार प्रबंधन परिसर, प्रतीक्षालय, पहुंच मार्गों का चौड़ीकरण, तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी, पार्किंग, पर्यटक सूचना केंद्र, अंतिम मील तक कनेक्टिविटी, ठोस और पवित्र अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, सुविधा केंद्र, व्याख्या संबंधी सुविधाएं, वर्षा जल संचयन आदि जैसे विभिन्न घटकों को मंजूरी दी है। इसके अलावा, प्रशाद और स्वदेश दर्शन नामक केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के तहत, मंत्रालय देश भर में पर्यटन को बढ़ावा देने, स्थानीय संस्कृति का संरक्षण करने, रोजगार सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से समग्र और सतत तरीके से पर्यटन अवसंरचना का विकास करने का प्रयास करता है।

*****

**अनुबंध**

श्रीमती विजयलक्ष्मी देवी, श्री नारायण तातू राणे, श्री चंदन चौहान, श्रीमती पूनमबेन माडम, श्री विवेक ठाकुर, श्री हँसमुखभाई सोमाभाई पटेल, श्री बंटी विवेक साहू, श्री आशीष दुबे और श्री मितेश पटेल बकाभाई द्वारा मंदिर के गलियारों और तीर्थ स्थलों के पुनर्विकास के संबंध में दिनांक 09.02.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1466 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**वर्ष 2025 में प्रशाद, एसडी 2.0 और सीबीडीडी योजना के तहत स्वीकृत तीर्थस्थल परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | राज्य | योजना | परियोजना का नाम | स्वीकृति की तिथि | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में) | उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | सीबीडीडी | नागार्जुन सागर में बौद्ध विरासत और सांस्कृतिक अनुभवों को समृद्ध करना | मार्च 2025 | 25.00 | 2.50 | 0.00 | जारी |
| 2 | आंध्र प्रदेश | सीबीडीडी | अहोबिलम का आध्यात्मिक यात्रा के रूप में विकास | मार्च 2025 | 24.99 | 2.50 | 0.00 | जारी |
| 3 | बिहार | स्वदेश दर्शन 2.0 | बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केंद्र, बोधगया का विकास | मार्च 2025 | 165.44 | 16.54 | 0.00 | जारी |
| 4 | बिहार | प्रशाद | अंबिका भवानी मंदिर, सारण का विकास | मार्च 2025 | 13.29 | 0.00 | 0 | जारी |
| 5 | हिमाचल प्रदेश | स्वदेश दर्शन 2.0 | माँ चिंतपूर्णी देवी मंदिर, उना का विकास | जुलाई 2025 | 56.26 | 5.63 | 0.00 | जारी |
| 6 | झारखंड | सीबीडीडी | रामरेखा धाम में पर्यटन अवसंरचना विकास | मार्च 2025 | 18.87 | 1.87 | 0.00 | जारी |
| 6 | केरल | सीबीडीडी | थालास्सेरी: आध्यात्मिक जुड़ाव | मार्च 2025 | 25.00 | 2.50 | 0.00 | जारी |
| 7 | कर्नाटक | प्रशाद | रेणुका येल्लमा देवी मंदिर का विकास | मार्च 2025 | 18.37 | 0.00 | 0 | जारी |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | कर्नाटक | प्रशाद | पापनाश मंदिर, बीदर जिले में बुनियादी सुविधाओं का विकास | मार्च 2025 | 22.25 | 6.30 | 0 | जारी |
| 9 | मध्य प्रदेश | स्वदेश दर्शन 2.0 | पीताम्बरा पीठ दतिया का विकास | जुलाई 2025 | 44.24 | 4.42 | 0.00 | जारी |
| 10 | मध्य प्रदेश | सीबीडीडी | ओरछा एक मध्यकालीन वैभव 2.0 | मार्च 2025 | 25.00 | 2.50 | 0.00 | जारी |
| 11 | मेघालय | सीबीडीडी | नार्तियांग आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र | मार्च 2025 | 24.87 | 2.49 | 0.00 | जारी |
| 12 | मिजोरम | प्रशाद | चंफाई जिले के वांगछिया में प्रशाद योजना के तहत अवसंरचना का विकास | मार्च 2025 | 5.47 | 1.56 | 0 | जारी |
| 13 | नागालैंड | सीबीडीडी | सोलफुल ट्रेल्स: इम्पुर हेरिटेज एक्सपीरियंस | मार्च 2025 | 24.94 | 2.49 | 0.00 | जारी |
| 14 | पंजाब | सीबीडीडी | हेरिटेज स्ट्रीट - श्री आनंदपुर साहिब में शांति और सद्भाव का प्रतीक | मार्च 2025 | 24.90 | 2.49 | 0.00 | जारी |
| 15 | पुदुचेरी | प्रशाद | धरबरण्येश्वर मंदिर के लिए तीर्थ सुविधाओं और पर्यटक आकर्षणों का विकास | मार्च 2025 | 25.94 | 0.00 | 0 | जारी |
| 16 | राजस्थान | स्वदेश दर्शन 2.0 | श्री खाटू श्याम जी मंदिर (सीकर) में विकास कार्य | मार्च 2025 | 87.87 | 8.79 | 0.00 | जारी |
| 17 | राजस्थान | स्वदेश दर्शन 2.0 | श्री करणी माता मंदिर, बीकानेर में विकास कार्य | जुलाई 2025 | 22.58 | 2.26 | 0.00 | जारी |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | राजस्थान | स्वदेश दर्शन 2.0 | मालासेरी डूंगरी, भीलवाड़ा जिला का विकास | जुलाई 2025 | 48.73 | 4.87 | 0.00 | जारी |
| 19 | सिक्किम | सीबीडीडी | काबी क्रॉनिकल्स: एकता और विरासत के ज़रिए एक सफ़र | मार्च 2025 | 24.96 | 2.50 | 0.00 | जारी |
| 20 | तमिलनाडु | सीबीडीडी | रामेश्वरम का ऐतिहासिक परिवर्तन | मार्च 2025 | 20.01 | 2.00 | 0.00 | जारी |
| 21 | तमिलनाडु | प्रशाद | 8 नवग्रह मंदिरों का विकास | मार्च 2025 | 40.94 | 0.00 | 0 | जारी |
| 22 | तेलंगाना | प्रशाद | रेणुका येल्लमा देवस्थानम में अवसंरचना का विकास | मार्च 2025 | 4.22 | 0.00 | 0.00 | जारी |
| 23 | उत्तराखंड | सीबीडीडी | कैंची धाम परिसर का विकास | मार्च 2025 | 17.60 | 1.76 | 0.00 | जारी |

*****